भारत सरकार
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय
(खेल विभाग)

लोक सभा

तारांकित प्रश्न संख्या 67

उत्तर देने की तारीख 7 फरवरी, 2023
18 माघ, 1944 (शक)

भारतीय कुश्ती संघ में खिलाड़ियों की नियुक्ति

67. प्रो. सौगत राय:

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या अग्रणी पहलवानों ने भारतीय कुश्ती संघ के अध्यक्ष को पद से हटाने की मांग को लेकर जंतर-मंतर पर विरोध प्रदर्शन किया/ धरना दिया;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं;

(ग) सरकार द्वारा उनकी समस्याओं के समाधान के लिए की गई कार्रवाई का ब्यौरा क्या है; और

(घ) भारतीय कुश्ती संघ में खिलाड़ियों की नियुक्ति नहीं करने के क्या कारण हैं?

उत्तर

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री

(श्री अनुराग सिंह ठाकुर)

(क) से (घ) : एक विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है ।

****

भारतीय कुश्ती संघ में खिलाड़ियों की नियुक्ति के संबंध में प्रो. सौगत राय द्वारा दिनांक 07.02.2023 के लिए पूछे गए लोक सभा तारांकित प्रश्न संख्या 67 के भाग (क) से (घ) उत्तर में संदर्भित विवरण ।

(क) से (ग) : जी हां । कुछ पहलवानों ने भारतीय कुश्ती परिसंघ (डब्ल्यूएफआई) के कार्यकरण में यौन उत्पीड़न, मनमानी और कुप्रबंधन के आरोप लगाते हुए प्रदर्शन/ धरना दिया ।

चूंकि, यह मामला एथलीटों की भलाई से संबंधित था, इसलिए मंत्रालय ने तत्काल आरोपों का संज्ञान लिया और अंतरिम उपाय के रूप में डब्ल्यूएफआई की कार्यकारी समिति को परिसंघ के दिन-प्रतिदिन के कार्यों के प्रशासन और प्रबंधन से दूर रहने का निर्देश दिया । इसके अतिरिक्त, सरकार ने प्रमुख खिलाड़ियों द्वारा लगाए गए यौन कदाचार, उत्पीड़न और/ या धमकाने, वित्तीय अनियमितताओं और प्रशासनिक चूकों के आरोपों की जांच करने तथा डब्ल्यूएफआई के दिन-प्रतिदिन के प्रशासन को चलाने के लिए पूर्णतया एक अंतरिम उपाय के रूप में मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार विजेता तथा ओलंपिक पदक विजेता सुश्री एम.सी. मैरीकॉम की अध्यक्षता में एक ओवरसाइट समिति नियुक्त की है ।

डब्ल्यूएफआई की छह सदस्यीय इस ओवरसाइट समिति में 4 खिलाड़ियों को सदस्य के रूप में शामिल किया गया है जिनमें श्री योगेश्वर दत्त और सुश्री बबीता फोगाट प्रमुख पहलवान हैं ।

(घ) भारतीय राष्ट्रीय खेल विकास संहिता, 2011 (खेल संहिता) में राष्ट्रीय खेल परिसंघों (एनएसएफ) में न्यूनतम 25 प्रतिशत मुख्य खिलाड़ियों के प्रतिनिधित्व का प्रावधान किया गया है । डब्ल्यूएफआई ने सूचित किया है कि डब्ल्यूएफआई की कार्यकारी समिति के लिए आयोजित पिछले चुनावों में 23 सदस्यों में से 7 सदस्य पूर्व पहलवान थे और एक सदस्य कोच था ।

****